दैनिक भास्कर
चाईबासा भास्कर 11-08-2023

# इस्टीम पब्लिक स्कूल के अशजीत पूर्ति को राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मिला स्वर्ण पदक

भास्कर न्यूज | चाईबासा



इस्टीम पब्लिक स्कूल के कक्षा नवम् के छात्र अशजीत सावन पूर्ती को राज्यस्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय के साथ-साथ अपने जिला का मान भी बढ़ाया है। धनबाद में 23 वें झारखंड राज्यस्तरीय सब जूनियर एवं जूनियर ताईक्वांडो प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में इस्टीम पब्लिक स्कूल के छात्र अशजीत सावन पूर्ती ने 51 केजी वेट कैटेगरी के फाइनल मुकाबले में बोकारो के खिलाड़ी को मात देकर स्वर्ण पदक हासिल किया। राज्यस्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड जीतकर विद्यालय का मान बढ़ाने वाले कक्षा नवम् के छात्र अशजीत को प्रार्थना-सभा में सम्मान-समारोह आयोजित कर विद्यालय प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया।

विद्यालय के चेयरमैन डॉ. मनोज कुमार झा ने इस उपलब्धि को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए यथासंभव सहयोग करने की बात कही। वहीं प्राचार्य टी. कुमार ने भी अशजीत को बधाई देते हुए कहा की यह गौरान्वित करने वाली उपलब्धि है। अशजीत सावन पूर्ति ने अपने जीत का श्रेय कोच अनुराग शर्मा को देते हुए कहा कि, मेरे कोच अनुराग शर्मा सर और मार्गदर्शक देवेन्द्र कुमार मिश्रा सर का मेरे इस जीत में महत्वपूर्ण योगदान रहा। अब अशजीत अपने वेट कटेगरी में आगामी राष्ट्रस्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा।

www.jagran.com जमशेदपुर, 10 अगस्त, 2023 दैनिक जागरण 3

# इस्टीम स्कूल के अशजीत ने ताइक्वांडो में जीता स्वर्ण पदक

जासं, चाईबासा : इस्टीम पब्लिक स्कूल के कक्षा नवम के छात्र अशजीत सावन पुरती को राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय के साथ-साथ अपने जिला का मान भी बढ़ाया है। धनबाद में 23वें झारखंड राज्य स्तरीय सब जूनियर एवं जूनियर ताईक्वांडो प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में इस्टीम पब्लिक स्कूल के छात्र अशजीत सावन पुरती ने 51 केजी वेट कैटेगरी के फाइनल मुकाबले में बोकारो के खिलाड़ी को मात देकर स्वर्ण पदक हासिल किया। राज्य स्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड जीतकर विद्यालय का मान बढ़ाने वाले कक्षा नवम के छात्र अशजीत को प्रार्थना-सभा में सम्मान-समारोह आयोजित कर विद्यालय प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन डा. मनोज कुमार झा ने इस उपलब्धि को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए यथासंभव सहयोग करने की बात कही। क्योंकि लीक से हटकर चलने वाले ही मिसाल बनकर उभरते हैं। प्राचार्य टी. कुमार ने भी अशजीत को बधाई देते हुए कहा कि यह गौरवान्वित करने वाली उपलब्धि है। विद्यालय सदैव ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करता रहा है।